स्किल हब इनिशिएटिव कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

- 31 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार के मानव संसाधन शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्कूल छोड़ चुके बच्चों और युवाओं को रोज़गारपरक शिक्षा से जोड़ने के लिये पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में छत्तीसगढ़ के 18 स्कूलों में स्किल हब इनिशिएटिव कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई। यह कार्यक्रम नए साल से शुरू होगा।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ राज्य के 18 स्कूलों में यह कार्यक्रम प्रथम चरण में शुरू होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल छोड़ चुके बच्चों, छात्र-छात्राओं के लिये व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने और स्कूल समय के बाद तथा सप्ताहिक अवकाश के दिवसों में स्किल ट्रेनिंग के शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेशन कोर्स कराया जाएगा।
- रोज़गारपरक शिक्षा और कौशल उन्नयन के लिये शुरू की जा रही इस नई पहल के लिये स्कूल छोड़ चुके बच्चे और युवाओं को विभिन्न रोज़गारमूलक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- प्रशिक्षण के लिये 15 से 29 वर्ष आयु समूह के लोगों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में सभी ज़िला कलेक्टरों को कार्यक्रम की तैयारी के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।
- बच्चों को विभिन्न रोज़गारपरक कार्यों में प्रशिक्षण देने के लिये चयनित स्कूलों में व्यवस्था की जाएगी। इस कार्य में अंतर्विभागीय सहयोग भी लिया जाएगा।
- ज़िला शिक्षा अधिकारी और शिक्षा विभाग से जुड़े नामांकित अधिकारी प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग करेंगे। स्कूल में पदस्थ व्यावसायिक प्रशिक्षक प्रशिक्षण तथा अन्य व्यवस्था करेंगे।
- प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार से भी जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही स्किलिंग, री-स्किलिंग, अपस्किलिंग पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल प्रमाण-पत्र और अकादमिक क्रेडिट प्राप्त होगी।
- स्किल हब इनिशिएटिव से जुड़े स्कूल स्किल इंडिया पोर्टल में रजिस्टर होंगे। इस कार्यक्रम के पॉयलेट चरण में सीमित अवधि के प्रशिक्षण संचालित किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/skill-hub-initiative-program